हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

04 बिलकिसगंज सीएम राइज स्कूल में बोर्ड परीक्षा के ...



06 जीने की राह बताती है श्रीराम, हनुमान ...





## खबर संक्षेप

### मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे

**सीहोर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकंडरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई, 2024 तक भरे जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार की तिथि अब 31 जुलाई निर्धारित की है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य अब सप्ताह में 7 दिवस

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी उपार्जन नीति के तहत कृषकों से गेहूं उपार्जन का कार्य सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) तक करने का प्रावधान किया गया था। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने इस आशय के निर्देश उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जिला प्रबंधक, मप्र स्टेट सिविल सप्ला. कार्पो., जिला प्रबंधक, मप्र वेयर हाउस एंड लॉजि. कार्पो सीहोर को कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए गेहूं उपार्जन का कार्य अब सप्ताह में 7 दिवस (सोमवार से रविवार) उपार्जन अवधि तक किया जाना सुनिश्चित करें।

### मतदान में सीहोर को नंबर वन बनाने के लिए सभी मिलकर टीमवर्क के रूप में कार्य करें

# सकारात्मक विचारों के साथ आगे बढ़े तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव नहीं: कलेक्टर

### बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप कार्यशाला में 3000 से अधिक ग्रामीण अमला शामिल हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सकारात्मक विचारों के साथ टीमवर्क के रूप में पूरी लग्न से आगे बढा जाये तो किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करना असम्भव नहीं है। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक मतदान के लिए आयोजित बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप की कार्यशाला में कही। इस कार्यशाला में सीहोर तथा इछावर विधानसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, चौकीदार, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव तथा शिक्षक शामिल हुये।

इस कार्यशाला में बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों को संबोधित करते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि नकारात्मक सोच हमेशा आगे बढ़ने से रोकती है और उस व्यक्ति की आंतरिक ऊर्जा को खत्म करती है। इसलिए कभी भी मस्तिष्क में नकारात्मक विचारों को आने ही न दे। आप हमेशा यह सोचें की मैं सभी कर्मों को करने के लिए सक्षम हूॅ। उन्होंने कहा कि आपकी ही ऊर्जा और टीमवर्क के कारण गत विधानसभा चुनाव में 84.4 प्रतिशत मतदान के साथ सीहोर जिला प्रदेश में पांच टॉप फाइव जिलों में रहा है। इससे प्रदेश में मेरा ही नहीं आप सबका सम्मान बढा है। कार्यशाला में कलेक्टर श्री सिंह ने अपनी पदस्थापना के जिलों में मिली सफलता का अनुभव साझा करते हुये कहा कि ग्रामीण अमले की लगन और मेहनत से ही संभव हुआ है। आप सभी प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, आप के बिना किसी भी कार्य की सफलता की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अगले 10 दिनों में प्रत्येक मतदाता के घर पहुंचकर उन्हें मतदान पर्ची प्रदान करने के साथ ही मतदान करने का शपथ भरवाना है। इसके साथ ही सभी मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक पंहुचाने के लिए लगातार संपर्क करना होगा। उन्होंने कहा कि पूरी टीम लगन के साथ यह कार्य करेगी, तो निश्चित ही लोकसभा चुनाव के मतदान में सीहोर जिला नंबर वन बनेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों तथा संबंधित कर्मचारियों को गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए टेन्ट, कुर्सी तथा पेयजल की पर्यात व्यवस्था के निर्देश दिये। कार्यशाला के आरंभ में जिला पंचायत सीईओ आशिष तिवारी ने संबोधित किया कार्यालय में सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, एसडीएम जमील खान,एसडीएम तन्मय वर्मा, जनपद सीईओ नमिता वघेल, शिवानी मिश्रा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बीएलएजी कार्यशाला में डेढ़ साल के बच्चे को लेकर आई ग्राम धबोटी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को न केवल गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया बल्कि मंच पर भी बैठाया। कलेक्टर श्री सिंह ने उनके कर्यत्व निष्ठा की सराहना करते हुये कहा कि, उन कर्मचारियों को इनसे सीखना चाहिए जो एसी महत्वपूर्ण कार्यालय में नहीं आने के बहाने ढूंढते रहते है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत विधानसभा चुनाव में सीहोर तथा इछावर विधानसभा के अधिक मतदान कराने वाले पांच-पांच ग्राम पंचायतों की टीम को प्रशास्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।इनमें सीहोर विधानसभा की बरखेडाखरेत, बर्री, रावत खेडा, खरखेडा, सकूखेडी तथा इछावर विधानसभा की जमोनिया हटेसिंह, शीतलपानी, खमखेड़ा शामिल है।

# छात्रा ने दसवीं कक्षा में फेल होने के चलते खाया जहर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अपनी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम कल जारी किए इसके बाद से कई छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल है तो कई विद्यार्थियों ने परीक्षा में असफल होने के कारण आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली ताजा मामला सीहोर जिले के इछावर से निकाल कर आया है जहां नगर के वार्ड नंबर 12 मैं रहने वाली एक छात्रा ने अपने हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में फेल होने के चलते जहर गटक लिया और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड नंबर 12 निवासी छात्रा पूजा राठौर उम्र 14 वर्ष नगर के गोल्डन ब्राइट स्कूल की छात्रा ने कल आए माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में फेल होने के कारण जहर गटक लिया। जिससे उनकी मौत हो गई। छात्रा ने देर रात 2:00 बजे सेल्फास की गोलियां खाई जिससे वह तड़पने लगी जिसे उसकी मां ने देखा फिर परिजनों को जगाया परिजन छात्रा को शासकीय अस्पताल लेकर गए जहां से उसे सीहोर रेफर किया गया इलाज के दौरान सुबह बच्ची की मौत हो गई छात्रा के परिजनों ने शासकीय अस्पताल इछावर पर इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं मृतिका के भाई का कहना है कि जब हम बच्ची को इछावर अस्पताल लेकर पहुंचे तो करीब 1 घंटे तक डॉक्टरों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया जब हमने चिल्ला चोट करी तो उन्होंने सीहोर रेफर कर दिया।

### किसानों से ई- खसरा, खतोनी लेने की अपील

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना लागू की है। किसानों से अपील की गई है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें।

# विश्व मलेरिया दिवस पर लिया मलेरिया रोकने का संकल्प

### कलेक्टर ने जिले के शहरी और ग्रामीण लोगों से साफ-सफाई, स्वच्छता की अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया के विरुद्ध संकल्प लेकर मलेरिया को रोकने के लिए विशेष अभियान के रूप में संचालित करने की शपथ ली गई। मलेरिया दिवस के अवसर पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रवासियों से डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिए अपने घरों और आसपास साफ सफाई और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि मलेरिया, डेंगू की बीमारियां फैलने का प्रमुख कारण अपने घरों के आस-पास गंदा पानी भरा होना, साफ-सफाई नहीं होना एवं कचरा फैला हुआ होना है जिससे बीमारियां फैलती है। उन्होंने कहा कि डेंगू मलेरिया बीमारी को रोकने के लिए पुराने टायर, खराब सामन, और अन्य ऐसी वस्तुएं जिसमें पानी जमा होता है उन्हें हटाना ोगा ताकि पानी जमा न हो सके। कलेक्टर सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हेंडपंप के पास गंदा पानी भरा हुआ न हो ओर स्वच्छता बनाये रखना जरूरी हे। मलेरिया से लड़ने का सबसे कारगर उपाय अपने घरों और आस पास साफ-सफाई और स्वच्छता स्वच्छता बनाए रखना हैं। डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से एंटीमलेरियल दवाइयों का उपयोग करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग अपना कार्य करते हैं लेकिन जन जागरूकता और जनभागीदारी से डेंगू मलेरिया का प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है।

### एग्जिट पोल तथा इसके परिणाम का प्रकाशन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# जिले के शासकीय स्कूलों में कक्षा 1 से 3 तक में बाल चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में शिक्षा के स्तर को ओर बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने शिक्षा विभाग एवं शिक्षा संस्थाओं को निर्देश दिये कि छोटे बच्चों की शिक्षा को ओर आसान किया जाये इसी क्रम में ज़िले के शासकीय स्कूलों में FLN शालाओं में नवाचार के तहत कक्षा 1 से 3 तक में बाल चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चो में हिन्दी,गणित और दैनिक विकास के लिए कौशल और दक्षता विकसित करने के लिए शिक्षक गतिविधि आधारित और ख़ेल ख़ेल में शिंक्षण करवा रहें है।

डाइट प्राचार्य डॉ अनिता बड़गुर्जर ने बताया कि शिक्षा का वातावरण निर्माण के लिए कुछ सुझात्मक गतिविधि आधारित सामग्री FLN शालाओं में दी गई है। मेरा अख़बार एक गतिविधि है जिसमें छात्र अभिभावक के साथ मिलकर मेरा अख़बार बनाता है उन्होंने बताया कि विकासखंड सीहोर की शा.मा.शा.शेरपुर मे FLN बाल चौपाल मे सहभागिता की गयी। शाला में बाल चौपाल के लिए सेल्फ़ी पॉइंट बनाया गया। डाइट प्राचार्य ने हिंदी एवं गणित की गतिविधियों मे बच्चों के साथ सहभागिता की। गणित की आकृतियों की समझ एवं हिंदी मे मेरी पसंद की कहानी अंतर्गत बच्चों से चर्चा की गयी। बच्चों ने भी बाल चौपाल मे अपनी सक्रिय सहभागिता की।



### बोरवेल खुला पाए जाने पर मंडी थाने में एफआईआर दर्ज की गई

**सीहोर।** सीहोर तहसील के ग्राम जमुनिया तालाब निवासी रामसिंह आत्मज तेज सिंह का बोरवेल खुला पाए जाने पर मंडी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर ग्राम जमुनिया तालाब की पटवारी रीना त्यागी की रिपोर्ट के आधार पर भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के अंतर्गत दर्ज की गई है। हल्का पटवारी ग्राम जमुनिया द्वारा 19 अप्रैल 2024 को पंचायत सचिव, चौकीदार तथा अन्य ग्राम वासियों के समक्ष निरीक्षण करने पर रामसिंह का बोरवेल खुला पाया गया। हल्का पटवारी द्वारा पुनः 24 अप्रैल 2024 को निरीक्षण किया गया जिसमें रामसिंह द्वारा बोरवेल को पन्नी से ढाका गया था, जो कि अत्यंत खतरनाक तथा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती। बोरवेल को नियमानुसार पूर्णतः बंद नहीं करना तथा खुला रखना कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अंतर्गत दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 का उलंघन होना पाया गया। हल्का पटवारी ग्राम जमुनिया तालाब की रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार सीहोर भरत नायक द्वारा मंडी थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र लिखा गया था।



### सीहोर विधायक अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता

**सीहोर।** शहर सहित आस-पास के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच देने के उद्देश्य से वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और सीहोर विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में शहर के बीएसआई मैदान पर पीपीसीए अकादमी के तत्वावधान सीहोर विधायक अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल पीपीसीए अकादमी सीहोर और अरेरा क्रिकेट क्लब के मध्य गुरुवार को खेला जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजक अकादमी के चेतन मेवाड़ा, मोहनिश त्रिवेदी, अतुल त्रिवेदी, सचिन वर्मा आदि शामिल है। जिन्होंने लगातार 25 दिनों से इस प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक संचालन किया है। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि अंडर-16 क्रिकेट ट्राफी में कुल बारह टीम शामिल हुई थी। मंगलवार को जेवियर और रेलवे के मध्य पहला सेमीफाइनल खेला गया था। जिसमें रेलवे ने 116 रन के विशाल अंतर से जेवियर को हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इसके अलावा पीपीसीए और अरेरा क्रिकेट क्लब भी अब तक लीग के मुकाबलों में अपने तीन-तीन मैच जीतकर सेमीफाइनल का सफर तय कर चुकी है।

### विशेष न्यायालय ने 13 वर्षीय बालक से अप्राकृतिक कृत्य करने वाले को 20 साल कारावास की सजा दी

सीहोर। मछली पकड़ने गए 13 वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के मामले में दोषी 22 वर्षीय आरोपी उमेश उर्फ सांबा लोधी को विशेष न्यायाधीश अभिलाष जैन ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पीड़ित बालक को 4 लाख रुपए प्रतिकर देने के आदेश जारी किए। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव ने की।

अभियोजन के अनुसार पीड़ित बालक ने अपने परिजनों के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 जून 2022 को सुबह 10 बजे जब वह अपने दोस्त के साथ जहांगीरपुरा के तालाब में मछली पकड़ने गया था तो वहां रहने वाला आरोपी उमेश उर्फ सांबा पिता नारायण लोधी आया और उसे अपने साल ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। इसके बाद आरोपी ने उसे यह बात किसी और को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद जब पीड़ति बालक अपने घर आया तो उसने अपनी मां को पूरी बात बताई। जिसकी रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर अनुसंधान पूर्ण कर चालान न्यायालय में पेश किया, जहां तथ्यों एवं साक्ष्यों की विवेचना करते हुए विशेष न्यायाधीश अभिलाष जैन ने आरोपी उमेश लोधी निवासी ग्राम जंहागीरपुरा को सजा सुनाई।

### 12 कालोनियों में अभी भी नगर पालिका की पानी सप्लाई लाइन नहीं है

# 98 किमी पानी सप्लाई लाइन डालने का काम शुरू, 10 हजार नए कनेक्शन देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

12 कालोनियों में अभी भी नगर पालिका की पानी सप्लाई लाइन नहीं है। 11 करोड़ 3 लाख रुपए की लागत से अब शहर में 98 किमी लंबी पाइप लाइन डालने का काम शुरू हो गया। इस काम की शुरुआत इंदौर नाका से हुई है। इसमें 10 हजार नल कनेक्शन देने का टारगेट है। इसमें पुरानी पाइप लाइन को भी कई जगह से बदला जाएगा। इस काम के पूरा होने के बाद से लोगों को काफी राहत मिलेगी। सालों बाद शहरवासियों को पुरानी पानी की सप्लाई लाइनों से निजात मिलने वाली है। यही नहीं जिन वैध कालोनियों में अभी तक पेयजल सप्लाई लाइन नहीं थी वहां पर भी नई लाइन डाली जाएगी। शहर के सभी 35 वार्डों में करीब 98 किमी लंबी लाइन बिछाई जाने का प्लान है। इसकी शुरूआत इंदौर नाके से हो गई है। जहां लाइन नहीं, वहां भी डलेगी शहर में 98 किमी लंबी पानी की सप्लाई लाइन भी डाली जाएगी। नई लाइन उन क्षेत्रों में डाली जाएगी जहां पर अभी पानी की सप्लाई लाइन नहीं हैं। इसी के साथ कुछ जगह सप्लाई लाइन खराब हो गई है, उसे भी बदला जाएगा। इसमें 100 किमी लंबी डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और 5.7 किमी फीडर मेन में डाली जाएगी। इसके अलावा काहिरी में 500 मीटर राइजिंग लाइन को भी बदला जाएगा।



#### समस्या से मिलेगी निजात

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बताया कि शहर में पानी की सप्लाई लाइन डालने का काम शुरू हो गया है। अभी इस काम की शुरुआात वार्ड क्रमांक 3 से की गई है। इसमें हर जगह नल कनेक्शन होंगे। कई जगह नई लाइन डाली जाएगी तो कुछ जगह पुरानी पाइप लाइन है जिसे बदलने का काम किया जाना है।

# हीरापुर के हरीश परमार जगदीश रथयात्रा और चल समारोह के लिए अध्यक्ष नियुक्त

**सीहोर।** पिछले करीब 62 साल से शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर से पूरी की तर्ज पर रथ यात्रा निकाली जाती है, भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा 1961 में मंदिर के जीर्णोद्धार के साथ शुरु की थी, जो आज तक जारी है। यह मंदिर परमार समाज की एकता और आस्था का प्रतीक है। विषम परिस्थितियों में भी यात्रा कभी रूकी नहीं है। परमार समाज के प्रयासों से मंदिर की भव्यता में विस्तार हो रहा है। आगामी दिनों में भव्य चल समारोह का निकाला जाएगा।

इस संबंध में परमार समाज जेपी परमार ने बताया कि ग्राम हीरापुर के हरीश परमार को भगवान जगदीश रथ यात्रा और चल समारोह का अध्यक्ष बनाया गया है। जगदीश मंदिर सीहोर में यात्रा एवं शोभायात्रा को लेकर आयोजित हुई बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है।



वहीं इस बैठक में उनके साथ रफीगंज के अनारसिंह परमार को मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

आगामी जुलाई माह में निकलने वाली जगदीश रथयात्रा को निकालने के लिए परमार समाज के लोगों ने यह बैठक आयोजित की थी। समारोह के लिए नियुक्ति के साथ बैठक में रथ यात्रा एवं चल समारोह को लेकर व अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस अवसर पर परमार समाज के चंदर सिंह मंडलोई, तुलसीराम पटेल, शिव परमार मुरली, विष्णु परमार रोलूखेड़ी, मुकेश परमार, नंद किशोर परमार, विमल परमार, रामनारायण परमार, बाबूलाल परमार सहित समाज के अनेक वरिष्ठ जन मौजूद थे।

खबर संक्षेप

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जमानत राशि निर्धारित

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा-2024 का चुनाव लड़ने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निक्षेप राशि (जमानत राशि) निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को 25 हजार रूपये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रुपये की निक्षेप राशि जमा करानी होगी।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की कर सकते हैं शिकायत

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को निर्वाचन संबंधी विभिन्न जानकारियों को प्रदाय करने की दृष्टि से लोकसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा के दिन से सी-विजिल एप सक्रिय हो गया है। आम नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन/गैर कानूनी गतिविधियों की षिकायत अपने मोबाइल फोन से सी-विजिल एप पर कर सकते हैं। 100 मिनिट के अंदर प्राप्त शिकायत पर कार्य वाही की जाती है।

## मतदान के दिन मदिरा की बिक्री प्रतिबंध कर शुष्क दिवस घोषित

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र सीहोर, बुधनी एवं इछावर में 5 मई की सांय 6 बजे से 7 मई को मतदान समाप्ति तक इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र आष्टा में 11 मई की सांय 6 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति तक मदिरा की बिक्री प्रतिबंध करते हुये शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तरह संपूर्ण जिले में 4 जून को शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा की बिक्री प्रतिबंध किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह द्वारा जारी आदेश अनुसार शुष्क दिवसों में संपूर्ण जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल-3 होटलबार एवं जिले में स्थित देशी मद्यभाडागार संपूर्ण जिले से मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

### जिले की पांच बेटियां प्रदेश की प्रावीण्य सूची में

# 12वीं की भव्या ने कॉमर्स में नौंवा, साइंस में तनीम ने 7वां, अक्सा ने 8वां, श्यानु ने 10वां स्थान किया प्राप्त

जिले में 10वीं का परीक्षा परिणाम 59.99 प्रतिशत तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम 60.53 प्रतिशत रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बुधवार को हाई स्कूल और माध्यमिक शिक्षा मंडल हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही परीक्षा परिणाम जानने के बाद छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रदेश सूची में मुकाम पाने वाले विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। देवास जिले में 10वीं का परीक्षा परिणाम 59.99 प्रतिशत तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम 60.53 प्रतिशत रहा। देवास जिले में कक्षा 10वीं में 21 हजार 779 विद्यार्थी शामिल हुए।

जिसमें 13 हजार 065 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। देवास जिले में कक्षा 12वीं में 16 हजार 831 विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें 10 हजार 187 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।उत्कृष्ट विद्यालय देवास की 10वीं की छात्रा जोबिया शेख ने 500 में से 485 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल परीक्षा की दिव्यांग प्राविण्य सूची में पराग मेमोरियल कांवेन्ट स्कूल सतवास की छात्रा सानिया राठौर ने 500 में से 449 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं में श्री विद्यासागर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खातेगांव की छात्रा भव्या राठी ने वाणिज्य संकाय में 500 में से 475 अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौंवा स्थान प्राप्त किये है। किंडर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास की छात्रा तनीम बुशरा मंसुरी ने जीव विज्ञान संकाय में 500 में से 481 अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किये है। उत्कृष्ट विद्यालय देवास की छात्रा अक्सा खान ने जीव विज्ञान संकाय में 500 में से 480 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किये है। जी.एल.टी हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा शानू शर्मा ने जीव विज्ञान संकाय में 500 में से 478 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। वही 12वी में गणित संकाय में जिले की मेरिट लिस्ट में केशवी उपाध्याय ने पहला स्थान हासिल किया।

केशवी ने 500 में से 477 अंक अर्जित किए। केशवी आईआईटी कॉलेज से अपनी आगे की पढ़ाई कर सिविल सेवा में जाना चाहती है। कक्षा बारहवीं जीव विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट विद्यालय देवास की अक्सा खान ने 480 अंकों के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया है। आठवीं रैंक हासिल करने वाली अक्सा के पिता अब्दुल हामिद






खान पेशे से ड्राइवर हैं। वो देवास में ही एक एडवोकेट की कार चलाते हैं। अक्सा नीट की तैयारी करके डाक्टर बनना चाहती हैं। अक्सा ने कहा कि मेरे पापा ड्राइवर हैं लेकिन उन्होंने कभी भी किसी भी चीज के लिए मुझ पर प्रेशर नहीं डाला। हमेशा मेरा सपोर्ट किया। कभी उन्होंने मुझे कभी किसी भी तरह की कमी महसूस नहीं होनी दी।

# बिलकिसगंज सीएम राइज स्कूल में बोर्ड परीक्षा के टॉपरों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं और हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। शासकीय सीएम राइज स्कूल बिलकिसगंज का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा है। स्कूल में दसवीं और हायर सेकंडरी में टॉपर आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

बिलकिसगंज स्कूल के प्राचार्य पवन शर्मा ने बताया कि स्कूल में ग्रामीण परिवेश के बच्चों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। इसका परिणाम है कि स्कूल के विद्यार्थी बड़े शहरों के समान उच्चचत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में इस साल कक्षा दसवीं का रिजल्ट 69 प्रतिशत और हायर सेकंडरी का परिणाम 71 प्रतिशत रहा है। हायर सेकंडरी विज्ञान समूह में विनीता मीणा विज्ञान समूह के साथ ही स्कूल की टॉपर रहीं। उन्होंने 92.2 प्रतिशत के साथ 461 अंक प्राप्त किए। विज्ञान समूह में द्वितीय स्थान पर निधिका परमार 91.6 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर दीक्षा गौर ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

इसी प्रकार आर्ट समूह में प्रथम तनु 76.8 प्रतिशत, द्वितीय नंदिनी 76.4 प्रतिशत, तृतीय चांदनी 75.4 प्रतिशत, कामर्स समूह में प्रथम बबली परमार 79.6 प्रतिशत, द्वितीय दीपिका गुर्जर 78 प्रतिशत, तृतीय प्रियंका विश्वकर्मा 74.4 प्रतिशत, एग्रीकल्चर समूह में प्रथम धीरज पैरवाल 77 प्रतिशत, द्वितीय कनिका परमार 76 प्रतिशत, तृतीय अंकिता 75.7 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार हाईस्कूल में प्रथम अंकित कटारे 83.6 प्रतिशत, द्वितीय रोशनी धनगर 82 प्रतिशत तथा तृतीय सोवित गौर 80 प्रतिशत रहा।

## डॉ. कलिका डोलस की लिखी तीसरी किताब का हुआ विमोचन




**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नवीन पाठ्यक्रम अनुसार डॉक्टर कलिका डोलस द्वारा लिखी तीसरी किताब का आशीष तिवारी सीईओ जिला पंचायत एवं अन्य उपस्थित अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। उक्त किताब में लेखिका डॉक्टर कलिका डोलस ने बताया की नई उक्त किताब में नई शिक्षा नीति 2020 के नवीन पाठ्यक्रम अनुसार साथ सभी स्नातक स्तर पर अनिवार्य विषयए आधार पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के विषय महिला सशक्तिकरण शीर्षक से लिखी गई है जिसमें संपूर्ण पाठ्यक्रम का सरल भाषा में समावेश कर विद्यार्थियों के सुलभ संदर्भ हेतु 100 से भी अधिक वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का समावेश किया गया है। छात्राएं इसके अध्ययन से अवश्य ही लाभान्वित होंगी। यह नई शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत उनकी तीसरी किताब है इसके पूर्व भी डॉक्टर कलिका डोलस की दो किताबें प्रथम वर्ष व्यावसायिक पाठ्यक्रम हेतु व्यक्तित्व विकास की तथा मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी भोपाल द्वारा प्रकाशित गृह विज्ञान विषय मेजर प्रश्न पत्र प्रथम की किताब पारिवारिक संसाधन एवं गृह परिसज्जा कर शीर्षक से प्रकाशित हो चुकी है। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि यह महाविद्यालय को गौरांवित करने वाली बात है इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने डॉक्टर कलिका डोलस की इस अकादमिक उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी।

## मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण तीन मई तक

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अन्तर्गत मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण 29 अप्रैल से 03 मई तक सुविधा केन्द्रों के माध्यम से डाक मतपत्र से मतदान करेगें। कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा दिये गये निर्देश पर विधानसभा स्थल पर आयोजित होने वाले द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सुविधा केन्द्रों पर व्यवस्थाऐं करेगें। इस के लिए अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी आदेश जारी किये गये है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी, को निर्देश दिये है कि अधिकारी एवं कर्मचारियों के दलों के प्रशिक्षण की व्यवस्था स्वयं करें।

# आष्टा थाने में जब्त कर रखे गए पुराने वाहनों नीलामी 26 को की जाएगी

**सीहोर।** थाना आष्टा परिसर में विभिन्न कंपनियों के जब्त अनेक दो पहिया वाहनों जो कि पुरानी एवं जर्जर हालात में निष्प्रयोजित वाहन को जो जहाँ है और जैसे है का 26 अप्रैल,2024 को दोपहर 01 बजे विक्रय के लिए खुले रूप से नीलामी शर्तो के अधीन की जानी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने जानकारी दी कि वाहन की धरोहर (प्रत्येक वाहन के लिये राशि 5,000-रू0 का बैंक ड्राप्ट निलामी बोली के पूर्व जमा कराना होगा तभी बोली में भाग ले सकेगा। बोली स्वीकार नहीं होने की दशा में धरोहर राशि वापसी योग्य रहेगी।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि वाहन की स्थिति का जायजा कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन समय में जिला नाजिर कार्यालय के माध्यम से किया जा सकेगा। खुली निलामी 26 अप्रैल,2024 को थाना परिसर आष्टा में दोपहर 01 बजे आयोजित की जायेगी।

जिस व्यक्ति की बोली स्वीकार होगी उसे नीलामी के दिन बोली स्वीकृत राशि जमा करानी होगी। राशि जमा कराने के उपरान्त ही थाना प्रभारी द्वारा वाहन की डिलेवरी दी जायेगी। बोलीदार द्वारा लगाई गई बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार इस कार्यालय का रहेगा। वाहन का रजिस्ट्रेशन कार्यवाही, आरटीओ सम्बंधी समस्त व्यय बोलीदार को वहन करना होगा। बोली, स्वीकृत होने के पश्चात यदि डिलेवरी नहीं ली जाती है तो धरोहर राशि वापस नहीं होगी। यह राशि शासन हित में राजसात कर ली जायेगी।

## 1000 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ

**सीहोर।** श्री गुरु चरन सरोज रज निज मन मुकुर सुधारि..। बुद्धिहीन तनु जानि के, सुमिरौ पवन कुमार..। वीरता, भक्ति और साहस का परिचायक श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। शिव के रुद्रावतार माने जाने वाले वीर हनुमान के जन्मोत्सव पर शहर के चाणक्यपुरी स्थित यशोदानंदन सेवा समिति भारत वर्ष के तत्वाधान में दो दिवसीय भव्य आयोजन किया गया था। लगातार दो दिन चल इस श्री हनुमान जन्मोत्सव के पहले दिन हवन का आयोजन किया गया था। उसके पश्चात 1000 से अधिक श्रद्धालुओं ने एक साथ सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया और उसके पश्चात दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव में संकट मोचन यज्ञ, सुंदरकांड, जागरण और भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व हनुमानजी का श्रृंगार हुआ किया। भोपाल से हनुमान का पात्र निभाने वाले अमन वैष्णव ने मनमोहक भूमिका



निभाई और यहां पर जारी भजन संध्या में हनुमान जी का पाठ किया गया। पंडित अजय पुरोहित ने बताया कि हनुमान भगवान राम के दूत थे। जिन्होंने भगवान श्रीराम के सभी कारज सफलता पूर्ण किए है। हनुमान जी रूद्र अवतार हैं, इसलिए कपीश भी हैं। वे जहां पर रहते हैं, वहां पर सदैव प्रकाश रहता है। अंधेरा वहां से बहुत दूर भाग जाता है। हनुमान जी की प्रशंसा करते हुए तुलसीदास जी पुनः कहते हैं कि आप रामचंद्र जी



के दूत हैं। आप अतुलनीय बल के स्वामी हैं। अंजनी और पवन देव के पुत्र हैं। श्री हनुमान जी से बलशाली कोई नहीं है। हनुमान जी प्रभु श्री राम के सेवक हैं और उनके पास बहुत से शक्तियां है, जो उन्होंने अपने परिश्रम और अच्छे कर्मों से अर्जित की हैं। इसलिए उनके पराक्रम की चर्चा हर ओर होती है। इससे संदेश मिलता है कि बल अपने पराक्रम से अर्जित किया जा सकता है। फिर चाहे राजा हो या सेवक। दो दिवसीय जन्मोत्सव में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, पंकज सुबीर आदि सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अंतिम दिन आरती की।

# भगवान शंकर और उनके भक्तों का निवास स्थान है मानसरोवर धाम:पं.मोहितरामजी

### धार्मिक अनुष्ठान में संतों की उपस्थिति में विशाल कलश यात्रा निकल गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान हजारी महादेव कैलाश पर्वत की श्रृंखला के पश्चात नौ देवियों सप्तऋषियों का निवास स्थानस्थापना बनेगा। मानसरोवर धाम इस धार्मिक अनुष्ठान में संतों की उपस्थिति में विशाल कलश यात्रा निकल गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजनों के साथ धर्म रक्षक संत पंडित दुर्गा प्रसाद जी कटारे, बाबा हरिहर गुरु साहब, राष्ट्रीय संत परम गौ-सेवक कथा व्यास पंडित मोहितरामजी पाठक, यजमान संजय कश्यप सपत्नि उपस्थित रहे। पंडित मोहितरामजी ने बताया की भगवान शंकर और शिव गण कैलाश पर्वत स्थित मानसरोवर धाम में विराजमान रहते हैं। जहां शिव और शक्ति की आराधना पूजन भगवान गणपति कार्तिकेय नंदी आदि भजनों के साथ मिलकर सभी शिवगण करते हैं। जहां कोई विषमता नहीं है उसी को मानसरोवर कहा जाता है और तीर्थ की श्रृंखला में मानसरोवर धाम में प्रथम कड़ी में भगवान हजारी महादेव भगवान शिव



शंकर नदींद्वार डमरूद्वार को स्थापित करने के पश्चात आज नौ देवियों के साथ में सप्त ऋषि जहां स्थापित होंगे, वहां साक्षात भगवान का निवास होगा। पुनीत महायज्ञ सभी शिव भक्तों को माता रानी के सेवक और सभी सनातनियों को सम्मिलित होकर धर्म का लाभ लेना चाहिए। मानसरोवर धाम सनातन धर्म और हमारे भक्तों के लिए विशेष स्थान बनने जा रहा है।

## मतदान सामग्री वापसी के लिए केन्द्र बनाये गये

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा निर्वाचन कार्य व्यवस्था को सुगम और सुविधाजन को टृष्गित रखते हुये संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के अन्तर्गत 156-बुधनी विधानसभा क्षेत्र एवं 158- इछावर विधानसभा क्षेत्र और संसदीय क्षेत्र 21-देवास के अन्तर्गत 157-आष्टा विधानसभा क्षेत्र तथा संसदीय क्षेत्र 19-भोपाल के अन्तर्गत 159-सीहोर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी अधिकारी सहायक रिर्टनिंग ऑफिसर की देखरेख में शासकीय महिला पॉलिटेनिक कॉलेज सीहोर में मतदान सामग्री जमा करने के लिए केन्द्र बनाया गया हे।

# खेत पर लटक रहे बिजली के तार, हो सकता है बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भैरूंदा जनपद पंचायत के ग्राम सुकरवास में बिजली कंपनी की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। यहां खेतों के ऊपर 33 और 11 केवी के तार लटक रहे हैं, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। केवट नगर (टप्पर) पर किसान रमेश कहार के खेतों में 33 केवी और 11 केवी के तार भी लटकते नजर आए किसान का कहना है कि हमारे खेतों में ट्रेक्टर तारों के नीचे से नहीं निकलते हैं हमेशा हमें किसी दुर्घटना का डर बना रहता है। किसान का कहना है कि सरपंच से इसको लेकर शिकायत की है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। किसान के बेटे राहुल कहार का कहना है कि जल्द से जल्द तारों को ऊंचा कराया जाए।

### बाल चौपाल के तहत बच्चों ने सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की

# विकासखंड सीहोर में बाल चौपाल का आयोजन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधवार को जनपद शिक्षा केन्द्र विकासखण्ड सीहोर में (एफएलएन) बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान अंतर्गत बाल चौपाल का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम कक्षा 1, 2 एवं 3 के बालक-बालिकाओं की शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन करने मे काफी कारगर रहा। बाल चौपाल का आयोजन तीन चरणों में पूर्ण हुआ। प्रथम चरण में दिनांक 22 अप्रैल को सभी विद्यालयों मे पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अभिभावकों को बुलाकर बच्चों की वर्ष भर की शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराया गया। जिसमें बच्चों की अभ्यास पुस्तिकाओं एवं उनकी समस्त उपलब्धियों को पालकों के बीच साझा किया गया। दिनांक 23 अप्रैल को विकासखण्ड के 8 जनशिक्षा केंद्रों में बाल चौपाल का आयोजन संपन्न हुआ। तत्पश्चात दिनांक 24 अप्रैल को शेष 8 जनशिक्षा केन्द्रों में बाल




चौपाल का आयोजन बड़े उत्साहपूर्वक किया गया। सभी जनशिक्षा केन्द्रों द्वारा दिनांक का चयन कर प्रस्तावित किया गया। बाल चौपाल आयोजन के दौरान बी.आर.सी.कार्यालय से बीआरसीसी अशोक वर्मा एवं जनपद शिक्षा केंद्र सीहोर की टीम द्वारा शा.प्रा.शा.अम्बेडकर में सहभागिता की गयी। जिसमे बच्चों के द्वारा हिंदी गतिविधि में मेरा अखबार अंतर्गत शाला स्तर पर अखबार तैयार किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं एवं पालकों ने सहभागिता की। गणित विषय अंतर्गत आकृतियों की पहचान एवं अमानक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रा.शा.अम्बेडकर में बाल चौपाल अंतर्गत बच्चों द्वारा सभी गतिविधियों मे उत्साहपूर्वक सहभागिता की गयी। इस अवसर पर उपस्थित सभी अभिभावकों ने बाल चौपाल आयोजन की सराहना की। बाल चौपाल कार्यक्रम में कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र सीहोर से बीआरसीसी अशोक वर्मा, एफएलएन प्रभारी बीएसी योगिता लोधी, बीएसी हेमलता सेंगर, बीएसी सुरेन्द्र सिंह यादव, बीएसी अमिता आहूजा, बीएसी गेंदराज विश्वकर्मा, एमआरसी नीलेश राय एवं एमआरसी गायत्री श्रीवास्तव द्वारा समस्त गतिविधियों मे सहभागिता की गयी।

## जिले के तीन बच्चों ने प्रदेश प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

# 10वीं में 58.55 और 12वीं में 62.41 प्रतिशत रहा बोर्ड परीक्षा का परिणाम

**पिछले साल की तुलना में बोर्ड रिजल्ट सुधरा, अभी भी प्रदेश रैंकिंग में 10 में 23 वें तो 12वीं में 33 वें नंबर पर रहा जिला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

बुधवार को माध्यमिक षिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। जिले में इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी। जिले के 12वीं बोर्ड के परीक्षा परीणामों में 66.13 प्रतिषत छात्राएं उत्तीर्ण हुई वहीं छात्रों को 58.77 से ही संतोष करना पड़ा इस तरह 12वी का कुल परीक्षा परिणाम 62.41 प्रतिषत रहा। इसकी तुलना यदि प्रदेष स्तर पर की जाए तो राजगढ 33 वे नंबर पर है वहीं 10वीं में भी बाजी मारते हुए 60.96 प्रतिषत छात्राएं उत्तीर्ण हुई एवं 56.25 प्रतिषत छात्र इस प्रकार जिले का 10वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 58.55 प्रतिषत रहा। हालांकि अन्य जिलों की तुलना की जाए तो इस बात से संतोष किया जा सकता है कि 2023 के परीक्षा परिणामों से तुलना की जाएं तो इस बार का परीक्षा परिणाम बेहतर कहा जा सकता है।





**प्रथम श्रेणी में भी छात्राएं आगे**

10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में कुल 8854 छात्र एवं 8411 छात्राओं का पंजीयन हुआ था जिसमें 3307 छात्र एवं 3910 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी अर्जित की। वहीं 12वीं में कुल 6130 छात्रों का एवं 6002 छात्राओं का पंजीयन हुआ था जिसमें 2555 छात्र की तुलना में 3130 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर स्कूल व जिले का नाम रोषन किया है।

### प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले के 3 टॉपर

जिला शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह रघुवंषी ने बताया कि 12 में ज्योति प्रजापति गणित संकाय बोडा ने प्रदेष प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है वहीं जय जाट विवेकानंद ऐकेडमी ब्यावरा ने भी 12 की प्रदेष प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। 10वीं कक्षा से अर्जुन गुर्जर मानस हायर सेकेण्ड्री स्कूल ने प्रदेष सूची में अपना 10वां स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है।

### जिले में भी टॉपर रही छात्राएं

बोर्ड परीक्षा परिणामों के बाद जिले में भी टॉप करने वालों की लम्बी सूची है जिनमें छात्राओं ने बाजी मारी है । 10वी में ब्यावरा मानस हायर सेकेण्ड्री की प्रिया यादव ने 95.60 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं 12वीं में लक्ष्य षर्मा ने द्धितीय एवं छात्रा मुस्कान जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।वहीं मानस के ही कला संकाय से विनीता षर्मा एवं संदीप लववंषी ने प्रथम एवं द्धितीय स्थान पाया है।

## ग्रुप शाला में एचएम को छोड़ सभी नदारद

# कन्या शाला निरीक्षण करने पहुंचे बीईओ को स्कूल में जड़ा मिला ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर का शिक्षा का हाल भगवान भरोसे ही चलता दिखाई दे रहा। शासन के 10 बजकर 30 बजे से 4बजकर30 तक स्कूल खोलने के सख्त निर्देश होने के बावजूद शिक्षक विद्यालय नही पहुंच रहे। सवाल यह है की जब स्कूलों में शिक्षक ही नही रहेंगे तो यहां पढ़ने वाले बच्चें कैसे दिखाई देंगे। यहां की हालात यह है की शिक्षा व्यवस्था काफी लाचार हालत में है। बुधवार को विकासखंड के कई स्कूलों में शिक्षकों की लापरवाही सामने आई है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल सूर्यवंशी दोपहर 3.30 बजे लगभग कन्याशाला स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे तो स्कूल का गेट बंद था, ताला लटक रहा था। यहां पदस्थ शिक्षक शिक्षिका नदारद थे। जब बीईओ ने वह मौजूदा लोगों से पूछा तो पता चला कि सर मैडम का यह रोज का रवैया है।




### समय पर नहीं खुलते स्कूल

सूत्रों की माने तो शाम 4 रू 30 बजे तक कभी भी स्कूल नहीं खुलते। कई स्कूल की व्यवस्थाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। निरक्षण करने पहुंचे बीईओ को देखने में आया की शहर के ग्रुपशाला स्कूल में 4 बजे महज एचएम को छोड़ सभी शिक्षक शिक्षका दोपहर में ही जा चुके थे। वही नजीमाबाद स्कूल के उपस्थिति रजिस्टर पर एचएम के हस्ताक्षर तो थे लेकिन वह मौजूद नही पाए गए, साथ ही 3 शिक्षका एप्लीकेशन रख कर छुट्टी पर गए। बता दे की लोकसभा निर्वाचन के चलते शासन ने सभी शासकीय कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा रखी है, बावजूद कई शिक्षक शिक्षिकाए अपनी मनमानी दिखाने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं।

### नोटिस देंगे

आज निरीक्षण में कन्याशाला स्कूल में ताला लगा पाया गया था, साथ ही ग्रुपशाला स्कूल में भी एचएम को छोड़ सभी नदारद थे, में सभी नदारद शिक्षक शिक्षकाओं को नोटिस जारी करूंगा। रही बात नजीमाबाद की तो वहा का कुछ स्टाफ छुट्टी पर था।

# रायल हाइट्स हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा ने जिले में द्वितीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर कि अशासकीय संस्था रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल कि छात्रा ने बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में जिले में द्वितीय स्थान पाया। जहां छात्रा ने दसवीं में 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट रही।छात्रा वर्षा कारपेंटर समीपवर्ती ग्राम कोडक्या की रहने वाली है। पिता प्रकाश चंद्र कारपेंटर शिक्षक है। रॉयल स्कूल द्वारा लगातार जिले एवं प्रदेश में अपना स्थान पाया है कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं में विद्यार्थी जिले में अपना स्थान पार्टी आ रहे हैं विद्यालय संचालक रणधीर सिंह चैहान एवं यशवर्धन सिंह चैहान सहित पूरे स्टाफ ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# मतदान हमारा अधिकार लोकतंत्र को मजबूत बनाता निषपक्षिता का स्वरूप कहलाता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर


मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि अन्तर्गत आज नगर परिषद सभाकक्ष में वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान कर उन्हे सुगम सार्थक मतदान के बारे में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा जानकारी प्रदान की गई नगर परिषद सभाकक्ष में आयोजित समारोह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा सभी वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा बताया गया कि आपको बिना लाइन में लगे तथा बिना किसी परेशानी के मतदान कराया जाएगा मतदान केंद्रों पर बैठक पेयजल गर्मी से बचाव व्हील चेयर आदि की सुविधाएं सार्थक रूप से उपलब्ध होगी जिससे दिव्यांग तथा वृद्ध मतदाताओं को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े तथा सभी से अनुरोध किया कि मतदान अवश्य करें इस अवसर पर समस्त बीएलओ सहित नगर परिषद स्टाफ उपस्थित रहे।

# भक्ति भाव से मनाई हनुमान जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

माचलपुर नगर में चाठा कुंडी बालाजी मंदिर काफी लंबे समय से श्रद्धालुओं का आस्थावान मंदिर है। वहीं इमली वाले बाला जी मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की काफी आस्था है। हनुमान जयंती पर यहां भव्य आयोजन किया जाता है। इस बार मंगलवार को हनुमान जयंती आने से लोगों ने विशेष रूप से आयोजन को भव्यता दी गई।

नगर के दोनों हनुमान मंदिरों पर बालाजी का मनमोहक श्रृंगार किया गया। दिन भर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा पाठ किया गया। वहीं पुरानी बस स्टेंड पर स्थित बालाजी चटाकुंडी बालाजी इमली वाले बालाजी मंदिर पर नवरात्रि पर्व से चल रहे पारायण पाठ का हवन यज्ञ के साथ समापन किया गया। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में इमली वाले बाला जी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनरू बालाजी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में नयनाभिराम झांकियां भी निकाली गई। पुरानी बस स्टेंड बाला जी मंदिर पर पारायण पाठ के समापन अवसर पर बालाजी को छप्पन भोग लगाया गया वहीं इमली वाले बाला जी मंदिर पर शोभायात्रा के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया गया।



# निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 26 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**लखनवास।** पाडली गुसाईं तहसील सुठालिया जिला राजगढ मध्यप्रदेश में संपन्न हुआ जिसमें 26 जोडे परिणय सूत्र में बधे सभी 26 कन्याओं को समिति की ओर से 21 बर्तन पलंग बिस्तर तकिया पंखा दिवाल घडी कपडे माता जी एवं चांदी के मंगल सूत्र उपहार दिया गया ।

लडके को घड़ी कपड़े नरियल दिए गयेसभी वधू को 2150 रु नगदी दिया गया। यह निशुल्क शादी का संपूर्ण खर्च संगठन एवं ग्राम पाडली एवं कानरखेडी के गणमान्य महानुभावों के सहयोग किया गयासभी संमैलन में उपस्थित हुऐ संगठन के पदाधिकारियों एवं सधन्यव सामाजिक महानुभावों को बहुत बहुत धन्यवादकामना करते हैं कि निशुल्क सामुहिक विवाह संमैलन हर वर्ष संगठन के तत्वाधान में होता रहे।

## शराब ठेकेदार ने हाइवे के ढाबों पर खोल रखे हैं कई अवैध ठेके, ग्रामीण- बोले एक्सपायरी डेट की बेच रहे शराब

# मऊ,पड़ाना में नियमों की उड़ रही धज्जियां देर रात तक ठेकों पर बिकती है शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

इन दिनों सारंगपुर से लगे मऊ,पड़ाना, पाडल्या, भैंसवा माता, असारेटा क्षेत्र में मौजूदा शराब ठेकेदार की मनमानी आबकारी विभाग पर भारी दिखाई दे रही। यहां संचालित शराब दुकान ठेकेदार को शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते देखा जा सकता है। राज्य सरकार की और से शराब दुकान को रात 11रू00 बजे बाद बंद व शराब का बिना प्रचार प्रसार किए बिना बिक्री करने के आदेशों के बवजूद राष्ट्रीय राजमार्ग मऊ सहित कस्बों व गांवों में ठेकेदार बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

### जिम्मेदारों व आबकारी की है सांठगांठ

आबकारी अधिकारियों की सांठगांठ के चलते हाइवे पर शराब के ठेकों का प्रचार प्रचार करने के लिए बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर शराब की बिक्री की जा रही है। लोगों द्वारा सरकार की रोक के बावजूद देर रात्रि तक अवैध रूप से चलने वाले शराब के ठेकों पर हो रही बिक्री के बारे में आबकारी विभाग के अधिकारी को चेताते भी रहे हैं इसके बावजूद विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। लोगों ने बताया कि अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर सरकार ने रात 11रू00 बजे बाद शराब के ठेकों को बंद कर किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री नहीं करने के आदेश जारी कर रखे हैं उसके बावजूद जिम्मेदारों एवं आबकारी अधिकारियों की सांठगांठ के चलते अवैध रुप से संचालित ठेको पर अवैध रूप से दुकानों पर शराब का गोरखधंधा जोरों से चल रहा है।

### रहवासी क्षेत्र में दुकान, बच्चों पर पड़ रहा असर

पड़ाना में रहवासी क्षेत्र में संचालित शराब दुकान का सबसे ज्यादा प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों पर पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि आबकारी विभाग और पुलिस के तमाम दावों के बावजूद स्थिति शराब के ठेकों पर रातभर शराब बेची जा रही है। इसके अलावा गांव में भी आपको पीने के लिए पानी मिले या ना मिले पर शराब किसी भी वक्त मिल जाएगी।




### आसारेटा में एक्सपायरी डेट की बिक रही शराब

ज्ञात हो कि आसारेटा में हाल ही में शराब ठेकेदार द्वारा बोटल पर एक्सपायर हो चुकी शराब का विक्रय किया जा रहा, जिसका ग्रामीण द्वारा वीडियो बनाकर वायरल कर शराब ठेकेदार पर कार्रवाई करने की बात कही। ग्रामीणों का आरोप है की शराब दुकानदार शराब क्वाटर में से भी शराब की कटिंग कर रहे है। बावजूद इस और किसी भी विभागीय अधिकारी का ध्यान नही है।

### जांच करेंगे

ग्रामीण क्षेत्र में संचालित शराब ठेकेदार अगर नियमों का उलंघन कर रहा है तो में दिखवा लेता हूं। अगर कही शराब में गड़बड़ी की जा रही है तो जांच कर कार्रवाई करेंगे।

**सौरभ कनासे, सर्कल स्पेक्टर आबकारी विभाग सारंगपुर,**

### बाल विवाह रोकने जिला खंड व ग्राम स्तर पर समितियां गठित होंगी

**विदिशा।** 10 मई को अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह रोकने के लिए कलेक्टर ने जिला, विकासखंड व ग्राम स्तर पर समितियों का गठन करने का आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय समिति में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर को समिति अध्यक्ष तथा सीएसपी प्रशांत चैबे के अलावा सीएमएचओ, नपा सीएमओ जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को सदस्य नियुक्त किया है। विकासखंड स्तरीय समिति के लिए संबंधित विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी को अध्यक्ष समेत सात अन्य अधिकारियों को सदस्य नियुक्त किया है। ग्राम, वार्ड, पंचायत स्तरीय समिति के लिए पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, नपा, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सदस्य नियुक्त किया गया है।

## सामूहिक सुंदरकांड की सुंदर प्रस्तुति के साक्षी बने सैकड़ों श्रद्धालु

# श्री अंजनीलाल धाम पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बरसा आनंद

**कर्णप्रिय लय व ताल के साथ बिना रूके 90 मिनिट में पूर्ण हुआ पाठ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व लगातार दूसरे वर्ष अनूठे अंदाज में मना। यहां 'सामुहिक सुंदरकाण्ड' पाठ का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की तादात में पुरूष, महिलाएं, बच्चे, युवाओं ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ पाठ किया।सुंदर लय व ताल के साथ सुंदर काण्ड पाठ बिना रूके महज 90 मिनिट में पूर्ण हुआ।आम श्रद्धालुओं में अपार उत्साह, आनंद देखते हुए सामूहिक सुंदरकांड का यह पाठ अद्भुत, अद्वितीय, अकल्पनीय साबित हुआ।

मंदिर ट्रस्ट परिवार ने दूसरी बार सामुहिक सुंदर काण्ड का पाठ का यह भव्य आयोजन किया था।इस मौके पर पं।कामेशकृष्ण महाराज और कर्मकाण्ड के प्रख्यात विद्वान पं।दिनेश शर्मा चतुर्भुज नाथ मंदिर ब्यावरा मुख्ययजमान के रूप में मौजूद थे।उक्त कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया था।इसमें शामिल होने के लिये किसी से कोई शुल्क नहीं लिया गया था।

इसमें गत वर्ष 108 से बढ़ाकर इस वर्ष 251 विशेष श्रद्धालुओं के लिये प्रथक से बैठक व्यवस्था रखी गई थी.इसके चहुं और आम लोगो ने अपनी अपार उपस्थिति व पूरे मनोभाव के साथ सामूहिक पाठ में शामिल हो भगवान श्री अंजनीलाल के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व भक्ति का परिचय दिया।

### 90 मिनिट कब पूरे हो गए पता नहीं चला

सुंदर लय व ताल के साथ श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक सुंदर काण्ड का यह पाठ महज 90 मिनिट में पूरा हुआ।वैदोच्चारण के साथ पूजा अर्चना के बाद शुरू हुआ यह पाठ निर्बाध रूप से जारी रहा और लगभग 90 मिनिट में पूर्ण हो गया। जो भी इस पाठ में शामिल हुआ उसने अपने ऊपर भगवान श्री अंजनीलाल की विशेष अनुकंपा का अनुभव किया और इस अवसर को अद्धितीय माना। शांतिपूर्ण रूप से व पूरे श्रद्धा भाव के साथ जब पाठ शुरू हुआ तो कब 90 मिनिट पूरे हो गए किसी को पता नहीं चला।



### सुंदर लय व ताल के साथ अद्धितीय हुआ पाठ

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सामूहिक सुंदरकाण्ड का यह पाठ जिस प्रकार से सुंदर लय व ताल के साथ हुआ वह अपने आप में अद्धितीय साबित हुआ है। जो इस पाठ से वंचित रह गया उसने इसे अपना दुर्भाग्य माना और जो शामिल हुआ वह अपने को बड़ा शौभाग्यशाली मानता हुआ नजर आया।

मंच पर स्थानीय और बाहर से आए 09 कलाकारों का नेतृत्व श्री राजेन्द्र राठोड़ बना ने किया। सभी ने नये अंदाज में सुंदर लय व ताल के साथ पाठ किया.जिसने भी सुना, देखा वह अचंभित हुए बिना नहीं रहा।

छोटे-छोटे बच्चे, युवतियां और बालकों में पाठ के प्रति श्रद्धा और उन्हें भाव विभौर होकर पाठ करते हुए देखने का जो अद्भुत नजारा था वह अपने आप में एक बड़ा आकर्षण लिये हुआ था।

### सामूहिक आरती का दृश्य भी अद्भुत और अलौकिक बना

सुंदरकाण्ड के समापन पश्चात जब आरती हुई तो यहां भी सामूहिक आरती का दृश्य अद्भुत और अलौकिक बन गया।मंच के सामने पंडित विजय शर्मा, मंच पर पं।कामेशकृष्ण महाराज और कर्मकाण्ड के प्रख्यात विद्वान पं।दिनेश शर्मा चतुर्भुज नाथ मंदिर ब्यावरा ने जबकि विशेष स्थान पर बैठै 251 श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती की तो यह दृश्य देखने वालों को ऐसा लगा जैसे वे क्षिप्रा आरती अथवा गंगा आरती का आनंद ले रहे हो.एक साथ 251श्रद्धालु आरती करते हुए झूम कर , भाव विभौर होकर आरती गा रहे थे।उनका साथ हजारों की तादात में उपस्थित महिलाएं और पुरूष दे रहे थे।यह दृश्य देखकर हर कोई अचंभित हुए बिना नहीं रहा।इसमें शामिल होने वालों ने ट्रस्ट परिवार के इस आयोजन को सराहा और इसमें निरंतरता लाने की अपेक्षा की।

**खबर संक्षेप**

### दीक्षा जयंती पर 65 लोगों ने किया रक्तदान

**आष्टा।** श्री महावीर जन्म कल्याणक एवं जिन शासन गौरव आचार्य उमेशमुनि महाराज की दीक्षा जयंती पर जादूगर ग्रुप आष्टा ने शहरी प्राथमिक केंद्र आष्टा में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में 65 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि पारसमल सिंघवी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. नेहा अरोरा, जैन श्वेतांबर संघ अध्यक्ष पवन सुराणा एवं ग्रुप के पंकज राठी थे। शिविर में विजय खंडेलवाल, प्रदीप राठौर, त्रिलोक जैन, आनंद खंडेलवाल, आलोक वोहरा, मनीष जैन, नीलेश खंडेलवाल, गौरीशंकर राठौर, बंटी जायसवाल, सुमित मेहता, कुलदीप कोचर सहित ग्रुप के सदस्यों का सहयोग रहा। आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### बस स्टैंड पर प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**आष्टा।** शहर के बस स्टैंड पर आज गर्मी को देखते हुए लोगों की सुविधा के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया।बस स्टैंड के पास पुलिस चौकी के पास लगाया गया है प्याऊ आष्टा प्रेस क्लब रजिस्टर्ड की तरफ से लगाया गया है। आष्टा प्रेस क्लब रजिस्टर्ड के अध्यक्ष बाबू पांचाल ने बताया की अप्रैल माह शुरू होते ही गर्मी शुरू हो गई है ऐसे में बस स्टैंड पर यात्री इधर-उधर भटकते थे इसी को देखते हुए आष्टा प्रेस क्लब टीम ने प्याऊ खुलवाया।

### जोगेंद्र सेन ने प्राप्त किए 90.4% अंक



**सीहोर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पाटन में पढ़ने वाले जोगेंद्र सेन पिता सुनील सेन ने 12 वी की परीक्षा में 452 अंक प्राप्त किए। जोगेंद्र सेन ने बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे स्कूल शिक्षकों की मेहनत और घर वालो का सयोग रहा है। जोगेंद्र सेन के पिता सुनिल सेन घर पर हमेशा पढ़ाई में मदद करते थे अच्छे परिणाम के लिए स्कूल में शिक्षकों द्वारा पूरी मेहनत की जाती है। अच्छे अंक प्राप्त करने पर स्कूल शिक्षकों व गांव के लोगों ने बधाई दी।

## बोर्ड परीक्षा परिणाम आते ही विद्यार्थियों के खिले चेहरे

# उत्कृष्ट, सेक्रेड, मार्टिनेट, एंजल, एसबीएस स्कूल के छात्र-छात्राएं जिला मैरिट सूची में मारी बाजी

**माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष 23-24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया। शिक्षा मंडल द्वारा जारी मेरिट लिस्ट के आधार पर जिले ने हाईस्कूल व हॉयर सेकेण्ड्री परीक्षा में प्रदेश में 7 वॉ स्थान प्राप्त किया।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले का शिक्षण स्तर बेहतर बनाने के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये थे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय तोमर ने बताया कि दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत जिले के हाईस्कूल एवं हॉयर सेकेण्ड्री में सीहोर जिले ने प्रदेश में 07 वॉ स्थान प्राप्त किया ।माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा जैसे ही आज शाम 4 बजे हाईस्कूल एवं हॉयर सैकेण्ड्री के परीक्षा परिणाम घोषित हुए वैसे ही विद्यार्थियों में उत्साह नजर आया। इसी क्रम मे नगर के विद्यालय मार्टिनेट कान्वेन्ट हॉयर सैकेण्ड्री स्कूल अलीपुर आष्टा के विद्यार्थी आयुष जाटव पिता श्री दयाराम जाटव ने हाईस्कूल परीक्षा में 95.4% प्राप्त कर जिला मेरिट सूची मे तृतीय स्थान एवं कक्षा 12वीं की छात्रा तसमिया सिद्धीकी पिता श्री कसीर अहमद ने जिला मेरिट की कामर्स संकाय मे 92.8% प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक नोशे खान एवं प्राचार्य विनीत कुमार त्रिवेदी एवं समस्त स्टॉफ ने बधाई प्रेषित की । इसी प्रकार अक्षिता रावत सुपुत्री महेंद्र रावत ने 95% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम एंजेल्स पब्लिक स्कूल आष्टा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करके परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया।

### एंजल स्कूल के मोहित ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया

शहर के एंजल्स पब्लिक हाई स्कूल आष्टा के कक्षा दसवीं के छात्र मोहित बघेल ने अपने माता पिता स्कूल का नाम रोशन करते हुऐ बुधवार को कक्षा दसवीं के आए परिणामों में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान छात्र मोहित के पिता उमेश बघेल और माता ममता बघेल न अपने पुत्र की उपलब्धि पर गर्व महसूस किया और कहा की यह उसकी मेहनत का परिणाम है वही सीहोर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय एंजल स्कूल का तथा अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया। विद्यालय परिवार मोहित के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। वही शहर के पत्रकार अमित मकोड़ी के पुत्र परिन मकोड़ी ने भी 10 वी के परीक्षा परिणाम में 87 प्रतिशत प्राप्त कर अपने माता पिता का नाम रोशन किया!

### एसबीएस कांवेंट हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा



माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायर सेकंडरी परीक्षा में नगर की अग्रिणी संस्था एस बी एस कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल आष्टा ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया। विद्यालय की दसवीं कक्षा प्रथम श्रेणी में प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं रौनक सेन ने 92% अभिषेक वर्मा ने 91% ,गिरजा ठाकुर 90%, रौनक वर्मा 89% भावना पाटीदार 89%,₹ रुचि वर्मा 86%, आयुष परमार 85%, विधि चन्द्रवंशी 84%, वेदिका ठाकुर 84%, कल्पना सोनगर 81%, शुभम ठाकुर 79% लक्की ठाकुर 77% अभिषेक मेवाड़ा 77% कुमकुम मेवाड़ा 76% अनुष्का ठाकुर 75% कुमकुम ठाकुर 74% यशिका ठाकुर 73% अंशदीप ठाकुर 71% शिवम वर्मा 71% पलक मेवाड़ा 71% निखिल ठाकुर 71% आयुष ठाकुर 71% ज्योति वर्मा 70% अमन कुशवाहा 70% वन्दना मेवाड़ा 69% राजविनायक ठाकुर 69% रघुवीर ठाकुर 68% जयदीप ठाकुर 68% रविन्द्र मेवाड़ा 68%सपना कुशवाहा 68% आयुष मेवाड़ा 67% यशिका ठाकुर 67% मुस्कान विश्वकर्मा 66% अस्मिता ठाकुर 66% शुभम किरार 65% सुजल ठाकुर 65% सुमित पाटीदार 65% सुमित ठाकुर 64% परी ठाकुर 64% , विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 92% रहा ,बारहवीं की कक्षा में रितु पाटीदार ने 87% सपना ठाकुर 86% शिवानी परमार 86% कशिश ठाकुर 83% अनमोल ठाकुर 83%,सृष्टि ठाकुर 81% अर्पिता ठाकुर 81% मुस्कान करमोडिया 79% प्रियांशी मालवीय 79% यशराज बड़ोदिया 78%,कुमकुम वर्मा 77% आदित्य ठाकुर 76% आर्यन ठाकुर 75% पूजा सुलिया 75% साक्षी सोजतिया 74% अंशिकावर्मा 73%दीपक ठाकुर 72% राखी पोरवाल 72% आदित्य ठाकुर 71% प्रियंका किरार 70% हर्षिता ठाकुर 70% तनु पाटीदार 69% आदर्श ठाकुर 68%, दीपक ठाकुर 68% टीना गुणवान 65% दीपक जाट 64% दुर्गेश चन्द्रवंशी 62% , सुजल पाल 62% श्रद्धा करमोदिया 62% ऋषिराज ठाकुर 61% भविष्य विश्वकर्मा 60% कृष्णपाल ठाकुर 60% अंक अर्जित कर विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया, स्कूल के 32 छात्र/छात्राओ ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की विद्यालय संचालक श्री भोलू सिंह ठाकुर,सह संचालक श्री जीवन सिंह ठाकुर ,प्राचार्य श्रीमती रीना ठाकुर ने विद्यालय का हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 89% आने पर विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही शिक्षक महेंद्र ठाकुर ,पुष्पेंद्र ठाकुर, जितेंद्र खत्री, प्रसन्न श्रीवास्तव, धांरवा सर, शेख जावेद,राजेश बड़ोदिया,इंदर धनगर, राम विश्वकर्मा,अनिल सर,शिक्षिका पूजा सिलेरिया,अर्चना ठाकुर, तेजु मेवाड़ा, नेहा पांचाल, दिव्यांशी भूतिया,अक्षिता सेन, सरिता गौतम, पूर्वा गौतम, ज्योति जैन, रानी ठाकुर इत्यादि द्वारा छात्र-छात्राओं/को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# किराएदारों की जानकारी नहीं देने पर मकान मालिक पर होगी कार्रवाई

**पुलिस के पास नहीं हुआ वेरिफिकेशन**




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर व अलीपुर क्षेत्र में इन दोनों बाहरी लोगों को किराएदार के रूप में रख रहे हैं। इनकी कोई सूचना पुलिस को नहीं दी जा रही है। जिससे इनका पुलिस के पास भी कोई वेरिफिकेशन नहीं है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किराएदारों की जानकारी नहीं देने पर मकान मालिक पर ही कार्रवाई की जाएगी।

नगर में इस समय छात्रों के अलावा बाहरी लोग बड़ी संख्या में नगर की कई कॉलोनी में रह रहे हैं। किराए के लालच में मकान मालिक भी उनके बिना जांच पड़ताल किए ही अपने मकान में रहने दे रहे हैं। इसकी सूचना मकान मालिक पुलिस को नहीं देते हैं। स्वयं भी किराएदार का फोटो, आधार कार्ड, वोटर आईडी नहीं लेते हैं। जिससे यह होता है कि बाहरी व्यक्ति अपराध करके निकल जाता है। इसकी कोई सूचना नहीं मिल पाती है। कुछ मकान ऐसे भी हैं जिनमें मकान मालिक नहीं रहते। ऐसे में किराएदारों की गतिविधि के बारे में मकान मालिकों को भी पता नहीं रहता है। जिसे पकड़ने में पुलिस को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

बिना जांच के दे रहे किराए पर मकान मकान मालिक शहर के व्यक्ति व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोग जो नगर में कार्य करते हैं या फिर अपनी पढ़ाई करने के लिए किराए से रहते हैं। उन्हें कम ही मकान मालिक किराए से कमरे देते हैं। लेकिन अगर कोई बाहर का व्यक्ति आता है तो उसे मनमाने रेट पर देते है। यहीं लालच मकान मालिक को रहता है।इसलिए वो ज्यादातर बाहरी व्यक्ति को बिना जांच पड़ताल के मकान किराए से दे देता हैं।

## कालूराम बामनिया को पद्मश्री सम्मान से राष्ट्रपति ने किया स्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुड़ी पड़वा के पावन पर्व दिनांक 9 अप्रैल को श्री मानस भवन के विशाल प्रांगण में अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर आष्टा अंचल के धार्मिक जन को आनंदित करने वाले कालूराम बामनिया को 22 अप्रैल को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू ने अपने कर कमलों से श्री बामनिया को प्रतिष्ठित पुरुस्कार पदम श्री से सम्मानित किया। समीप नगर टोंक खुर्द सोनकच्छ के निवासी श्री बामनिया कबीर भजनों के गायन में प्रसिद्ध है। गुड़ी पड़वा पर्व पर प्रभु प्रेमी संघ के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सुंदर प्रस्तुति पश्चात उनको राष्ट्र स्तर पर सम्मानित किए जाने पर प्रभु प्रेमी संघ ने उनको बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया है। प्रभु प्रेमी संघ के डाक्टर राजेंद्र मालवीय भजन गायक ने कहा की स्वामी अवधेशानंद महाराज के संपर्क और समन्वय से आष्टा में उच्च कोटि के कलाकार तथा अन्य विधा के प्रतिष्ठित जन आते है और आष्टा को धर्म मय बनाते है।

# सेंटपॉल स्कूल ने जमा की बकाया टैक्स राशि




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर परिषद जावर में 12 सालों से लंबित टैक्स सेंटपाल स्कूल ने 6 लाख किया जमा बकाया टैक्स को लेकर कई बार आमने सामने हुए सेंटपॉल स्कूल और नगर परिषद जावर बकाया राशि को लेकर नोटिश के सवाल जवाब तक हुए लेकिन लगातार उपाध्यक्ष एवं पार्षद उक्त मामले में जावर तहसीलदार एवं नगरीय निकाय के आला अधिकारी एवं कानूनी सलाकर एवं नगर परिषद अधिकारी कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग रहा। सीहोर जिले की नगर परिषद जावर में तेजसिंह कप्तान नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं पार्षद वीरेन्द्र ठाकुर का लगातार प्रयास लाया रंग 2011 से 2023 से जो कि सालों से बकाया टैक्स राशि 6 लाख रुपए जमा करना पड़ी सेंटपॉल स्कूल जावर ने संबंधित राशि को लेकर उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान एवं पार्षद वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि यहाँ राशि लम्बे समय से कर्मचारियों का जो टीए डीए बकाया है उनको दी जावेगी मिली जानकारी के अनुसार लम्बे समय से राशि जो कि लगभग 18 लाख बकाया है जिसमे से दिनांक 24/4/2024 को 6 लाख जमा की गई।

### 9 दिवसीय नवपद ओली जी का हुआ समापन



**आष्टा।** चैत्र माह में नगर के विभिन्न समाजों के धार्मिक स्थलों पर धर्म आराधना भक्ति-भाव के साथ की गई। श्री महावीर स्वामी श्वेतांबर जैन मंदिर नजर गंज में महिलाओं ने 9 दिनों तक नवपद ओली जी की आराधना व तपस्या भक्ति भाव से की। नवपद ओली जी की तपस्या में महिलाएं बिना नमक का भोजन मंदिर के उपाश्रय में एक साथ और एक ही समय करती है। उसके पहले धर्म आराधना, पूजा भक्ति करती है।गंज मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र मास में नवपद ओली जी की आराधना समाज की महिलाएं करती है। चैत्र पूर्णिमा का इस नवपद ओली जी की आराधना में विशेष महत्व बताया गया है।

# जीने की राह बताती है श्रीराम, हनुमान कथा: आचार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जीवन में भाई-भाई के साथ, पुत्र-पिता के साथ, पत्नि-पति के साथ, मित्र-मित्र के साथ तथा अपने से असहमत जन के साथ कैसा हम व्यवहार करें यह श्रीराम कथा सिखाती है। धार्मिक कथाएं जब ही हमें फल देती हैं जब हम प्रभु में तथा अपने ईष्ट में पूर्ण श्रद्धा व विश्वास रखें। इससे और भी गहराई में जाएं तो श्रीराम कथा हमें स्वयं का धर्म क्या हो, कर्म क्या हो यह बताती हैं।

यह बातें श्री मारुती नंदन रूद्रयत पुनर्रावति हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा, पूजन हवन प्राण प्रतिष्ठा तथा राम, हनुमान कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजित वृंदावन से पधारे आचार्य द्रोणवीर ने कहीं। साथ ही कार्यक्रम पूर्ण धार्मिक विधि विधान से संपन्न हुआ। गांव सियाखेड़ी जोड़ पर संयोजक दिलीप परमार ने अपने परिवारजन तथा ग्रामीणजन के सहयोग से कार्यक्रम को संयोजित किया था। समापन बेला के अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री तथा नगरपालिका परिषद आष्टा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि आयोजक ने अथक श्रम कर सुन्दर आयोजन किया तथा प्रख्यात प्रवचनकार आचार्य द्रोणवीर जी ने मनोहरी कथा कहकर हम सब को जीवन जीने हेतु एक पथ दिखाया है। आयोजकों ने पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार से व्यास पीठ की पूजा भी करवाई।

# गरबा विसर्जन के साथ 15 दिवसीय कार्यक्रम का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम खाचरोद में स्थित 200 वर्ष पुराने प्राचीन मां अंबे के मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन से चल रहा अखंड ज्योति के कार्यक्रम का गुरुवार को गरबा विसर्जन के साथ समापन हो गया।

पिछले 15 दिनों से मां अंबे के दरबार में हवन पूजन तुलादान व महाआरती का कार्यक्रम चल रहा था। जहां आसपास ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमी बंधुओं ने अपनी मन्नत पूरी होने पर माता के मंदिर में आकर अपने बच्चों का तुलादान किया व मां अंबे से आशीर्वाद लिया। ग्राम वासियों ने हवन पूजन महा आरती कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया। जहां समस्त ग्राम वासियों ने प्रसादी ग्रहण की सोमवार को गरबा विसर्जन के साथ मां अंबे की ज्योति का जुलूस ग्राम के मुख्य मार्गो से होता हुआ ग्राम में स्थित तालाब पर पहुंचा।

जहां महा आरती के बाद ज्योति का विसर्जन किया गया। इस मौके पर पंडित दिनेश शर्मा, राजेश जोशी, मांगीलाल पटेल, पवन ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, गोलू ठाकुर, वीरेन ठाकुर, हरेंद्र ठाकुर, अर्जुन ठाकुर, लखन ठाकुर, सोनू राजपूत, अर्पित भाटी, हेमंत ठाकुर, हरिओम ठाकुर, टिंकू ठाकुर, सुशील विश्वकर्मा, राजकुमार भाटी, गोपाल ठाकुर व नवदुर्गा समिति के सभी सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## चैत्र मास के पर्यूषण महापर्व पर महिला मंडल की महिलाओं ने झुलाया पलना

# सामूहिक पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है: मुनि सागर महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्षमा आपके पास है और क्रोध उनके पास है। क्षमा वीरों का आभूषण है।कोई क्षमा मांगता है तो क्षमा अवश्य करें, क्रोध नहीं करें। वर्तमान में सम्यक है, दर्शन है लेकिन मोक्ष नहीं है। सामूहिक का आनंद अलग है, सामूहिक पूजा -अर्चना करें। पूजा व जिनवाणी पूर्ण होने पर ही उठे,बीच में नहीं उठना चाहिए। संवर्ग निर्जरा सामूहिक पूजा अर्चना करने से होती है।

आप लोग जीवन को उन्नत व सम्यक प्राप्त करना चाहते हो तो अहम छोड़ दो। आने वाली पीढ़ी को दायित्व सौंपों। युवाओं से ही देश व धर्म की रक्षा होगी। धर्म आराधना करने के लिए लोगों के पास समय नहीं है। शिखर जी से अच्छा आनंद श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर पर आता है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री ने कहा आप लोगों का मन किला से नीचे लगता है, हमारा मन किला पर लगता है, क्योंकि यह किला मंदिर सम्मेद शिखर से कम नहीं है। हमेशा त्यौहार का माहौल बना रहे। गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज की यहां समाधि से सोना में सुहागा हो गया। सबसे क्षमा सबको क्षमा मांगी। चैत्र मास के पर्यूषण महापर्व के समापन पर क्षमा पर आपने कहा कि दुश्मन से बातचीत कर क्षमा मांगे। चैत्र माह में दसलक्षण पर्व मनाए। यह महा पर्व है, इसमे भी सार निकाल कर कुछ पाने का प्रयास करे। आपने कहा कि इन सभी पर्वों का सार क्या है, हम लोगो ने मोह महा मद पियो अनादि से सद्गुरु के सानिध्य बिना कुछ सम्भव नही ।गुरु वाणी सुन कर बड़ो की सीख सुन कर ही कल्याण कर एकता से रहे। जितने भी हमारे पर्व है भीतर अर्थात मन की सफाई के पर्व है, बाहर की सफाई के नही। मुनि सागर महाराज ने कहा सुनना सरल है जीवन मे उतारना उतना ही कठिन है।दोस्त दुश्मन न बन जाये दुश्मन दोस्त बन जाये ,ऐसे कार्य करें ,ऐसा व्यवहार करें। सोलहकारण भावना के माध्यम से ही तीर्थंकर भगवान ने मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया था।जो छोटे होते है उनको थोड़ा प्यार दे दो।आज क्षमा वाणी पर्व है ,अपने अंदर क्षमा भाव को धारण करें। अपनी वाणी को संभाले।

दैनिक जीवन मे साल में तीन बार आने वाली क्षमा पर्व पर हल्का हो लिया करो ,जिनसे गलती होती हो उनसे क्षमा मांग कर मन को साफ कर लिया करो। क्रोध का भाव छोड़ कर अपना जीवन सफल बना लो। गांठ बना कर मत रखना, इसी लिए यह दसलक्षण पर्व आये है,साल में तीन बार आते है ।पर्व माघ मास में ,चैत्र मास में तथा भादो मास में, इसी तरह मना कर धर्म प्रभावना करते रहे।